## एक नजर में

### मेन पाइप लाइन फूटी, पेयजल सप्लाई बाधित

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 15 मार्च, सं.** नगर में पेयजल सप्लाई करने वाली मेन लाइन के फूट जाने से नगर में पानी की सप्लाई ठप्प हो गई. जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर बाद घोघराघाट रोड पर कोलूभेरु के यहां एक निर्माणाधीन मकान के कार्य के दौरान यहां से गुजर रही मेन पेयजल सप्लाई लाइन फूट गई, जिससे लाखों लीटर पानी बह गया. नपा के पेयजल सप्लाई प्रबंधन के अनुसार मकान निर्माण के दौरान पाइप लाइन फूट गई. रविवार होने के कारण भोपाल से लीकेज सामग्री नहीं आई सकी. सोमवार को सामग्री आएगी. जिसके चलते सोमवार और मंगलवार नगर में पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी.

### विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागरूक रहने का संदेश

**राजगढ़ 15 मार्च, का.** शनिवार को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर परायण चौक राजगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बाजार में खरीद-फरोख्त के दौरान होने वाली अनियमितताओं से बचने के लिए सचेत करना था. कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अजीत कुमार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (जेएसओ) अस्मिता गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाने का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाना है. कार्यक्रम को जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सहित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक रहने की बात कही. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों, जिम्मेदारियों और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई.

### पनाली टीम विजेता

**नवभारत न्यूज, करनवास**



**15 मार्च, सं.** पूर्व खिलाड़ी स्व अखिलेश गुर्जर की स्मृति में पिछले 15 दिनों से चल रही करनवास क्रिकेट लीग (ग्रामीण) का रविवार को फाइनल मैच के साथ समापन हुआ. जिसमें पनाली टीम विजेता रही. लीग में कुल 16 टीमों द्वारा हिस्सा लिया गया. फाइनल मैच करनवास और पनाली के बीच हुआ जिसमें पनाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 115 रन बनाए. जिसका पीछा करते हुए करनवास टीम 10 ओवर में 104 रन ही बना पाई. पनाली टीम द्वारा फाइनल मुकाबला 11 रनों से अपने नाम कर लिया. विजेता टीम को राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव द्वारा 21,000 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया. उपविजेता करनवास को क्रिकेट क्लब एवं राधे यादव द्वारा 11,000 रुपये का पुरुस्कार दिया गया.

# 22 गांवों की बिजली काटी, पेयजल सप्लाई ठप्प

## फसलों के समय मार्च को रिकवरी को आदर्श समय मान रही बिजली कंपनी, लेकिन पेयजल हो रहा बाधित

**सुठालिया क्षेत्र के 22 गांवों की बिजली काटी**

**बकाया के चलते विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर से काटी बिजली सप्लाई**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/सुठालिया 15 मार्च, सं. विद्युत विभाग द्वारा बकाया राशि के चलते सुठालिया क्षेत्र के 22 गांवों की बिजली काट दी गई है. इन पर पौने तीन करोड़ रुपया बकाया होना बताया जाता है. विद्युत विभाग के द्वारा बकाया वसूली हेतु अभियान चलाया जा रहा है. बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए बकाया राशि की वसूल की जा रही है. इसी क्रम में सुठालिया क्षेत्र के लगभग 22 गांवों में बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद करना बताया जा रहा है.**

**बिजली नहीं होने से परेशानियों का सामना-** जिन गांवों में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है, वहां पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. पेयजल संकट, परीक्षाओं के चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है. शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, गर्मी की शुरुआत हो चुकी है, किंतु बिजली नहीं होने से पंखे नहीं चल पा रहे है. आटा चक्की सहित बिजली आधारित व्यवसाय ठप्प होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. विभाग का कहना है कि जिन गांवों में बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद है वहां पर 50 प्रतिशत बकाया राशि जमा होने पर बिजली सप्लाई बहाल की जा सकेगी. विद्युत विभाग के अनुसार वरिष्ठ कार्यालय से मिले दिशा निर्देशानुसार बकाया राशि के चलते सुठालिया क्षेत्र के तहत लगभग 22 गांवों की बिजली सप्लाई बंद की गई है.

### 22 गांव के 95 ट्रांसफार्मर से बिजली काटी

सुठालिया क्षेत्र के तहत करीब 55 गांव आते है, इनमें से करीब 38 गांव पर बकाया राशि होना बताया जा रहा है. विभाग द्वारा फिलहाल 22 गांव के करीब 95 ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई. विभाग का कहना है कि अभी बकाया के चलते 7-8 गांव में और भी ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई बंद की जा सकती है. जिन 22 गांव की बिजली सप्लाई बंद की है यहां कुल बकाया राशि 2 करोड़ 95 लाख रुपया बताई जाती है.

### जिनके बिल जमा उनकी भी बिजली काटी

मलावर क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम गांगाहोनी में विगत दिवस दो विद्युत ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई काट दी गई, इससे करीब 100 घरों में बिजली सप्लाई प्रभावित हो गई है, जानकारी के अनुसार लगभग आधे घरों का बिल जमा है बावजूद इसके इनकी भी बिजली काट दी गई, जिनके द्वारा बिल जमा कर दिया गया है उनका कहना है कि हमारी क्या गलती है, जो बिल जमा होने के बाद भी बिजली काट दी गई. जानकारी के अनुसार लगभग दो हजार की आबादी वाले गांव में 7-8 विद्युत ट्रांसफार्मर है.



# दूध गर्म करते समय पुलिस कर्मी के घर में लगी आग

## गुना नाके पर परमसिटी कॉलोनी के पास की घटना

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 15 मार्च, का. नगर के गुना नाके पर परमसिटी कॉलोनी के सामने स्थित रहवासी क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी के घर में दूध गर्म करते समय गैस चूल्हे में आग लग गई. समय रहते आग पर काबू पा लिया गया लेकिन कुछ सामान जल गया.**

यह घटना परम सिटी कॉलोनी के सामने रहवासी ईलाके पर हुई है. मकान जितेंद्र जाटव का है. यहां नरसिंहगढ़ में पदस्थ एएसआई आनंद कुमार अपने परिवार के साथ किराए पर रहते हैं. रविवार दोपहर जब एएसआई आनंद कुमार घर के किचन में दूध गर्म कर रहे थे, तभी अचानक गैस चूल्हे से भड़की आग सिलेंडर तक पहुंच गई. आग लगने से किचन के पास रखे कपड़े और किचन का दरवाजा जल गया. स्थानीय लोगों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई.

आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए.



स्थानीय निवासियों में परमसिटी निवासी सतीश दुबे ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और स्थिति को नियंत्रित किया. घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची. दमकलकर्मियों ने आग को पूरी तरह बुझाया और गैस सिलेंडर को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला. देहात थाना में पदस्थ एएसआई राकेश शर्मा ने बताया कि यह राहत की बात रही कि आग तेजी से नहीं फैली और सिलेंडर में कोई विस्फोट नहीं हुआ. उन्होंने पुष्टि की कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.



# हेरिटेज वॉक में जाना किले का इतिहास

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 15 मार्च, सं.** शहर की ऐतिहासिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य से लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से रविवार सुबह नरसिंहगढ़ फोर्ट हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रकृति का आनंद लेते हुए नरसिंहगढ़ शहर की विरासत और किले के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की. कार्यक्रम के तहत सुबह 7 बजे प्रतिभागी मनोहर वसुधा में एकत्रित हुए, जहां स्वल्पाहार के बाद सभी गणेश चौक स्थित भगवान श्री गणेश मंदिर पहुंचे और सूर्योदय का मनमोहक दृश्य देखा. इसके बाद सभी प्रतिभागी किले की ओर प्रस्थान किए. किले पर पहुंचकर आयोजकों ने प्रतिभागियों को नरसिंहगढ़ किले के ऐतिहासिक महत्व और इसकी विरासत के बारे में विस्तार से बताया. साथ ही किले परिसर में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई. इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए भविष्य में भी ऐसी हेरिटेज वॉक आयोजित करने की आवश्यकता बताई. कार्यक्रम का आयोजन श्रीनू गुप्ता, यशदीप साहू, पुनीत उपाध्याय, राम गुप्ता, गोविंदा वैध और मोनू शर्मा द्वारा किया गया.

# ब्यावरा पहुंचे भजन सम्राट अनूप जलोटा ने सुनाए गीत

## जिला अग्रवाल महासभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह में हुए शामिल



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 15 मार्च, का. भजन सम्राट अनूप जलोटा रविवार को अल्प प्रवास के चलते ब्यावरा आये. जहां जिला अग्रवाल महासभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह में शामिल हुए. जानकारी के अनुसार स्थानीय वल्लभा परिसर में अग्रवाल महासभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बंसल जीरापुर का स्वागत समारोह रखा गया. इसी समारोह में श्री जलोटा को आमंत्रित किया गया. श्री जलोटा का जोरदार स्वागत किया गया. भजन सम्राट श्री जलोटा द्वारा अपने ख्याति प्राप्त भजन की कुछ लाइन सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया.**

बताया जाता है कि श्री जलोटा भोपाल से चंदेरी एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे इसी बीच उनका ब्यावरा में कुछ समय के लिए आगमन हुआ. इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधु, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# तंवर समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**राजगढ़ 15 मार्च, सं.** नगर के तवर समाज छात्रावास परिसर में रविवार को तंवर समाज धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया. जिसमें राजनीतिक दालों के जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए. प्रमुख रूप से खिलचीपुर के पूर्व विधायक पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह, एसपी अमित कुमार तौलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व विधायक प्रताप सिंह मंडलोई, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं तंवर समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# बीएमओ और नर्स के बीच विवाद, मामला थाने पहुंचा

## खिलचीपुर सिविल अस्पताल का मामला, सार्थक एप्प पर अटेंडेंस को लेकर छिड़ा विवाद

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 15 मार्च, सं. सिविल अस्पताल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. हिमांशु मीणा और नर्सिंग ऑफिसर माधुरी धोटे के बीच विवाद थाने पहुंच गया. नर्सिंग ऑफिसर ने जहां बीएमओ पर मारपीट करने और मोबाईल छीनने के आरोप लगाए हैं. वहीं बीएमओ मीणा ने नर्सिंग स्टाफ धोटे पर अन्य स्टाफ के साथ अभद्रता का आरोप लगाया है.**

मामले ने तूल पकड़ा और दोनों पक्ष खिलचीपुर थाने पहुंच गए. मामले नर्सिंग ऑफिसर माधुरी धोटे का कहना है कि बीएमओ ने स्टाफ के साथ कमरे में बंद कर दिया और मोबाईल छीन लिया. माधुरी धोटे (29) बैतूल जिले की रहने वाली है. करीब 6 महीने से खिलचीपुर सिविल अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर काम कर रही है.



### बीएमओ का आरोप, स्टाफ से अभद्रता

इधर पूरे मामले में बीएमओ डॉ. हिमांशु मीणा का कहना है कि नर्सिंग ऑफिसर माधुरी अक्सर छुट्टि पर रहती है. अस्पताल में सार्थक अटेंडेंस सिस्टम लागू है. फरवरी में माधुरी की अटेंडेंस शून्य दर्ज थी, इसलिए वेतन नहीं मिला. उन्होंने बताया कि रविवार सुबह माधुरी अस्पताल आई, लेकिन ड्यूटी करने के बजाय कर्मचारियों के वीडियो बनाने लगी. सूचना मिलने पर वे अस्पताल पहुंचे तो उनके साथ भी अभद्रता की. बीच-बचाव करने आईं नर्स माया मेवाड़े और प्रियल नामदेव के साथ हाथापाई की. उन्होंने खिलचीपुर टीआई उमाशंकर मुकाती और सीएमएचओ शोभा पटेल को फोन पर सूचना दी.

### नर्सिंग ऑफिसर बोली फरवरी की अटेंडेंस शून्य की




माधुरी ने पुलिस को बताया कि वह नियमित रूप से ड्यूटी करती है, लेकिन फरवरी महीने की अटेंडेंस शून्य भेज दी गई. इसके चलते वेतन नहीं मिला. रविवार सुबह जब वह अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर मौजूद नहीं थे और सफाई का काम चल रहा था. वह इसका वीडियो बना रही थी, लेकिन स्टाफ रोकने लगा. माधुरी ने आरोप लगाया कि स्टाफ ने उससे अभद्रता की. फिर बीएमओ मीणा को बुला लिया. मीणा के आने के बाद कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की, मोबाइल छीन लिया. उसे एक कमरे में बंद कर दिया.

# नई परीक्षा नीति के विरोध में उतरे शिक्षक, राज्य शिक्षक संघ की जिलास्तरीय बैठक संपन्न

**खिलचीपुर 15 मार्च, सं.** खिलचीपुर में राज्य शिक्षक संघ की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों ने भाग लिया और शिक्षक हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक का मुख्य विषय शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित मुद्दे तथा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का विषय रहा. बैठक में प्रदेश में टीईटी की वर्तमान स्थिति, शासन की नीति और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी उपस्थित शिक्षकों को दी गई. शिक्षकों का कहना था कि इस संबंध में शासन स्तर पर स्पष्ट और न्यायपूर्ण निर्णय लिया जाना आवश्यक है. बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठनात्मक एकता बहुत जरूरी है. बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी, जिला संयोजक मुकेश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रतिनिधि गोपाल दांगी, महेश बैरागी, नाहिद खान, सत्यनारायण बैरागी, दीपक सेन, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशचंद्र दांगी, हरिनारायण सेन, राकेश यादव, ज्योति बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना दासोरे, भावना वर्मा, लीलावती, देवनारायण दांगी, रामकरण सहित सदस्य उपस्थित रहे.

# बरसात के पहले दुरूस्त हो बिसारती गांव की पुलिया

**झाड़ला 15 मार्च, सं.** गांव से बिसारती गांव तक सड़क के दोनों और अतिक्रमण करके सड़क की चौडाई महज 10 फिट से कम कर दी है. सड़क की मुरम वाली 6 फिट की साइड पर किसानो द्वारा कंटीले तार की बागर लगा दी गई है. सड़क पर अतिक्रमण के कारण दोनो और से वाहन आने पर आपस में क्रासिंग होने में बहुत समस्या आती है. जबकि इसी सड़क से 5 -7 गांव लोग प्रतिदिन निकलते है. और झाड़ला शा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय झाड़ला 100 ज्यादा बालक, बालिका पढ़ने रोज आते जाते है, जिन्हे काड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है. किन्तु शासन के जिम्मेदारों को आम जनता की कोई परवाह नहीं हैं. वही बिसारती गांव में शासकीय माध्यमिक विद्यालय के पास सड़क में विभाग द्वारा पुलिया नहीं बनाने के कारण गांव की नालियों का पानी विधालय मैदान मे ही भरा रहा है. जिससे बच्चे और शिक्षक परेशान है.





## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति पचोर जिला राजगढ (मप्र)

**क्रमांक/मण्डी/निर्माण / के0 सह-भो0/25-26/ पचोर**

### निविदा आमंत्रण-विज्ञप्ति

समस्त इच्छुक संस्थाओं/केन्टीन / भोजनालय संचालन करने वाले व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मण्डी प्रांगण पचोर में स्थित केन्टीन सह भोजनालय एवं कृषक भोजनालय का संचालन ठेका एक वर्ष की अवधि हेतु दिया जाना है. केन्टीन हेतु निर्धारित ऑपसेट प्राईज राशि रुपये 1,20,000/- से अधिकतम वार्षिक किराये की राशि एवं कृषक भोजनालय हेतु अधिकतम 20/- रुपये प्रतिथाली से न्यूनतम दर के प्रस्ताव की मुहरबंद निविदायें दिनांक 31.03.2026 तक. रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से मण्डी कार्यालय पचोर में आमंत्रित की जाती है जो दिनाक 01.04.2026 को अपरान्ह 12 बजे उपस्थित निविदाकार/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी. निविदा के साथ पृथक लिफाफे में केन्टीन सह भोजनालय एवं भोजनालय के संचालन हेतु प्रतिभूति राशि रुपये 10,0000/- एफ.डी.आर. के रुप मे जमा करनी होगी एफ.डी.आर सचिव कृषि उपज मण्डी समिति पचोर के नाम से प्लेज्ड होगी. निर्धारित निविदा प्रपत्र/शर्ते राशि रुपये 500/- नगद जमा कर मण्डी कार्यालय पचोर से दिनांक 26.03.2026 तक प्राप्त किये जा सकते है केन्टीन सह भोजनालय एवं कृषक भोजनालय हेतु शर्ते एवं सामग्री की दरों का अवलोकन मण्डी कार्यालय में किया जा सकता है. नियत सामग्री के मान एंव दर तथा शर्तों पर ही भोजन एवं सामग्री का विकय किया जावेगा. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत का अधिकार मण्डी समिति को होगा जो कारण बताने को बाध्य नहीं होगी.

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति पचोर**
**जिला-राजगढ( म0प्र0 )**

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति**
**पचोर जिला-राजगढ( म0प्र0 )**